सत्यमेव जयते

# न्यायालय

# सहायक कलक्टर / उपखण्ड अधिकारी

## गुढामालानी—बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी —केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:— 2025 / 489 दर्ज तिथिः— 17.07.2025

1. नीम्बा पुत्र कासू
2. रामलाल पुत्र कासु
3. चुना पुत्र कासु
4. मांगीलाल पुत्र पुनमाराम
5. श्रीराम पुत्र पुनमाराम
6. गुलाबी पत्नी पुनमाराम
7. भागीरथ पुत्र वगता
8. सुरती पत्नी वगता
9. माधाराम पुत्र भागचन्द
10. झामताराम पुत्र भागचन्द
11. भीखी पत्नी भागचन्द
12. वीरमा पुत्र कोजाराम
13. किशना पुत्र कोजाराम
14. हेमाराम पुत्र कोजाराम
15. जीयाराम पुत्र कोजाराम
16. बाबुराम पुत्र कोजाराम
17. सांवताराम पुत्र भीयाराम
18. सिणगारी पत्नी रामलाल
19. किशनाराम पुत्र नेनाराम

जाति विश्नोई निवासी नई खडाली तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।

................प्रार्थीगण

**बनाम**

1. चुनाराम पुत्र हरचन्दराम
2. सांवताराम पुत्र हरचन्दराम
3. हरकनराम पुत्र हरचन्दराम
4. रामलाल पुत्र विरधाराम
5. नेनाराम पुत्र विरधाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 12:17:07 IST
Reason: SelfAttested

6. नरसीराम पुत्र विरधाराम
7. भारमल पुत्र विरधाराम
8. चौथी पत्नी विरधाराम
9. सोनाराम पुत्र वगताराम
10. जेताराम पुत्र उदाराम
11. पुनमाराम पुत्र उदाराम
12. बाबुलाल पुत्र उदाराम
13. भागीरथराम पुत्र उदाराम
14. बाबुराम पुत्र नेनाराम
15. शंकराराम पुत्र नेनाराम
16. तुलसी पत्नी नेनाराम
17. गुलाबाराम पुत्र जोधाराम
18. विमलादेवी पत्नी हरूराम
19. किसनाराम पुत्र बगताराम
20. धीमाराम पुत्र बगताराम
21. लाधुराम पुत्र बगताराम
22. वाधु पत्नी बगताराम जाति विश्नोई
23. सोनाराम पुत्र अमराराम
24. खरथाराम पुत्र अमराराम
25. खेराजराम पुत्र अमराराम
26. चुनाराम पुत्र अमराराम
27. पाबुराराम पुत्र अमराराम
28. भूराराम पुत्र अमराराम
29. अणदीदेवी पत्नी अमराराम
30. रूगनाथ पुत्र विशनाराम
31. विशनाराम पुत्र फुसाराम
32. केसाराम पुत्र फुसाराम
33. चिमना पुत्र वरजांगा
34. झीमोदेवी पत्नी फुसाराम
35. धनाराम पुत्र देवाराम
36. प्रभूराम पुत्र देवाराम
37. हिरकन पुत्र देवाराम
38. भगवाना पुत्र सुखराम
39. नारायण पुत्र सुखराम
40. धोलाराम पुत्र सुखराम
41. भैराराम पुत्र सुखराम
42. बाबु पुत्र सुखराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 12:17:07 IST
Reason: SelfAttested

43. बागाराम पुत्र हरींगाराम
44. भाखराराम पुत्र हरजीराम
45. लाधुराम पुत्र हरजीराम
46. नैनाराम पुत्र प्रतापा
47. भूराराम पुत्र प्रतापा
48. चुतराराम पुत्र रामुराम
49. लाधुराम पुत्र पेमाराम
50. मोहनलाल पुत्र पेमाराम
51. हरूराम पुत्र पेमाराम
52. जालाराम पुत्र रामुराम
53. जगमाल पुत्र रामुराम
54. भूराराम पुत्र रामुराम
55. केसाराम पुत्र पुनममारा

जाति विश्नोई निवासी खडाली तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर।

................. असल अप्रार्थीगण

56. तहसीलदार गुड़ामालानी जिला बाड़मेर

...............तकमीम अप्रार्थी

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः– श्री जगदीश कड़वासरा
अप्रार्थीगणः– एकतरफा

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–111, 128
राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956

**–:निर्णयः–**

निर्णय तिथिः– 03.10.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–128 राजस्थान भू–राजस्व अधि–1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 59/13.3141 है0, 63/3.4155 है0 मौजा नई खडाली पटवार मण्डल खडाली तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा, रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुड़ामालानी के यहां प्रार्थना–पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार गुड़ामालानी के आदेशांक दिनांक 11.06.2025 की पालना में दिनांक 12.06.2025 को पटवारी हल्का खडाली द्वारा उक्त आराजी का सीमांकन करवाया गया। परन्तु अप्रार्थीगण मौके पर असंतुष्ट होकर पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण अपनी खातेदारी

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 12:17:07 IST
Reason: SelfAttested

आराजी खसरा संख्या 59/13.3141 है0, 63/3.4155 है0 मौजा नई खडाली पटवार मण्डल खडाली तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर की पत्थरगढ़ी दिनांक 12.06.2025 की सीमाज्ञान रिपोर्ट के अनुसार कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बावजूद विधिवत तामील के अप्रार्थीगण न्यायालय हाजा में अनुपस्थित होने से अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना—पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 12.06.2025 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***111. Decision of disputes as to boundaries****.—(1) In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 12:17:07 IST
Reason: SelfAttested

***Provided that** applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2073–2076 जमाबंदी 2078 (वर्ष 2021) से स्थायी ग्राम नई खडाली में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम नई खडाली के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 12.06.2025 से भी यह तथ्य साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार गुड़ामालानी के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। सीमाज्ञान रिपोर्ट में पटवारी हल्का द्वारा मौके पर आराजी खसरा को मुस्तकिल बिन्दु मानकर सीमाज्ञान किया। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा–128 भू–राजस्व अधिनियम–1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 59/13.3141 है0, 63/3.4155 है0 मौजा नई खडाली पटवार मण्डल खडाली तहसील गुड़ामालानी जिला बाड़मेर पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार गुड़ामालानी को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना–अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 03.10.2025 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.10.10 12:17:07 IST
Reason: SelfAttested